कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.04.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

डिजिटल 101 जर्नी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास प्रकोष्ठ के तत्वाधान में डिजिटल 101 जर्नी फ्यूचर स्कील प्राइम – मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इनफार्रमेशन टेक्नॉलाजी, भारत सरकार द्वारा बाजार की आवश्यकताओं को देखते हुए फ्यूचर स्कील प्राइम टीम ने डिजिटल 101 पहल को डिजाईन किया है। जिसमें कौशल अंतर को भरने का प्रयास किया गया है। इसी तारतम्य में डिजिटल 101 जर्नी का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि इस कार्यशाला में भावी कौशल नियोजन में प्रतिभा मूल्यांकन की अप्रयुक्त क्षमता की खोज करना, संगठनों को वर्तमान कार्यबल कौशल और भविष्य की सफलता के लिए आवश्यक कौशल की कमी को पूर्ण करने में सहायता करना तथा अधिकतम प्रभाव के लिए लक्षित अपस्किलिंग एवं रिस्किलिंग कर सक्षम बनाना इस प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य है।

प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया कि डिजिटल 101 एक नए व्यावसाय माडल की ओर बढ़ने की प्रक्रिया के रूप में पारिभाषित किया गया है, जो राजस्व और अवसर उत्पन्न करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करता है जो बदले में अधिक मूल्य प्रदान करते हैं। कौशल प्रशिक्षण का अर्थ है किसी व्यक्ति को किसी विशेष क्षेत्र में कार्य करने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल सिखाना। इन नई तकनीकों को सीखने से अपने कॅरियर की सम्भावनाऐं तो बेहतर होती हीं है, साथ ही अधिक रोजगार के अवसर, स्वरोजगार के लिए तैयारी, आय में वृद्धि संभव होती है।

इस अवसर पर डॉ0 वैभवशंकर सोनी ने कहा कि फ्यूचर स्कील प्राइम एक कौशल पारिस्थितिकी तंत्र है जो नेसकॉम एवं आई0 टी0 उद्योग के बीच साझेदारी द्वारा संचालित है जिसका उद्देश्य भारत को उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रतिभा का वैश्विक केन्द्र बनाना है जिसमें 10 सबसे अधिक मांग वाली प्रौद्योगिकियों की बुनियादी अवधारणाओं को संक्षेप में बताते हैं। विषय विशेषज्ञ अधिकृत स्कील एजेन्ट श्री रघुराम के अनुसार डिजिटल 101 प्रमुख तकनीकि और व्यावसायिक कौशल का निर्माण प्रतिस्पर्धात्मक लाभ का सृजन है और यह पेशेवर सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कार्यशाला में छात्राओं ने जर्नी 101 का संचालन सीखा। इस अवसर पर डॉ0 मोहम्मद शोएब, श्री जागृत ठाकुर, डॉ0 संध्या यादव, डॉ0 दीपक कश्यप, डॉ0 चांदनी अफसाना, कु0 मधु पाण्डे, कु0 तबस्सुम एवं छात्राऐं उपस्थित थे।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवातस्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

डिजिटल 101 जर्नी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण